# मुझे रख लो सेवादार | By Suren Namdev

खाटू वाले श्याम धणी हम दर तेरे आये हैं
मुझे रख लो सेवादार ओ बाबा आस लगाए हैं

तेरे चरणों की छाया से दूर ना करना मुझको
जनम जनम तेरी सेवा करू ऐसा वर दो मुझको
खुशियां मिलती इस दर से हमें झोली फैलाये हैं
मुझे रख लो सेवादार ओ बाबा आस लगाए हैं

हर पल तेरा नाम पुकारू निशदिन तुम्हे ध्याऊँ
तेरी सेवा काम ना दूजा भजन तेरे मैं गाऊं
तीन बाण के धारी श्यामा अर्ज़ी लाये हैं
मुझे रख लो सेवादार ओ बाबा आस लगाए हैं

धन्य हो गए बाबा जी हम पा के प्यार तुम्हारा
सिर पर हाथ सदा ही रखना ये उपकार तुम्हारा
शर्मा लिखता भजन तुम्हारे सिर को झुकाये हैं
मुझे रख लो सेवादार ओ बाबा आस लगाए हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%96-%e0%a4%b2%e0%a5%8b-%e0%a4%b8%e0%a5%87%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b0-by-suren-namdev/